दिनांक-22दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सर्विस रोड के किनारे खड़े बेतरतीब वाहनों का होगा सर्वे , गाड़ी नंबर, चेचिस नंबर सहित स्थल होंगे सूचीबद्ध

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नेहरू नगर चौक से खुर्सीपार तिराहा चौक तक राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड के किनारे खराब वाहन या दुकानदारों द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहन अव्यवस्थित ढंग से खड़े किए जाने से नागरिकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है , ऐसे वाहनों के कारण आवागमन में असुविधा उत्पन्न होती है , वर्तमान में नेशनल हाईवे पर निर्माण कार्य जारी है जिससे दबाव सर्विस रोड पर देखा जा सकता है अब राहगीरों का आवागमन भी सर्विस रोड से हो रहा है, कुछ महीनों पूर्व ही सर्विस रोड किनारे से बेतरतीब खड़े वाहनों , ठेले,खोमचे वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए आवागमन सुव्यवस्थित किया गया था!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी!